## गुस्ताखी माफ



कट्टर बड़े शरीफ हम, कोई नहीं कसूर।
ईडी से क्यों हो हमें, कोई खौफ हजूर।
कोई खौफ हजूर, करें क्यों ता-ता-थैया।
सीधा हम-सा नहीं, जगत में कोई भैया।
कह साहिल कविराय, जानता हमें जमाना।
लौटेगी सरकार, करेंगे फिर शुकराना।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल


RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS





VOL: 11 | ISSUE 120 | MONDAY 11-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# पंजाब की सियासत का बढ़ा पारा, ईडी की कार्रवाई का जमकर विरोध, कई जगह आप-भाजपा के वर्करों में झड़प


## कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा की गिरफ्तारी के बाद राज्य में खराब हो रहा माहौल



देर रात मंत्री संजीव अरोड़ा को कोर्ट में किया गया पेश

लुधियाना/यूटर्न/10 मई। शनिवार को ईडी द्वारा पंजाब के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें अदालत में पेश कर सात दिन के रिमांड पर लिया गया है। उन्हें अब 16 मई को दोबारा अदालत में पेश किया जाएगा। इस कार्रवाई के बाद पंजाब की सियासत का पारा बढ़ता जा रहा है। राजनीतिक पार्टियां अब सरेआम एक दूसरे के सामने आकर विरोध कर रही है। हालांकि इस गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी के लीडरों द्वारा लगातार इसे केंद्र की भाजपा सरकार की धक्केशाही बताया था। लेकिन रविवार को माहौल तब और गर्म हो गया, जब आप पार्टी के विधायकों और वर्करों ने राज्य के अलग अलग शहरों में भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालयों को घेरना शुरू कर दिया। उन्होंने भाजपा ऑफिसों के बाहर जमकर प्रदर्शन किए और केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी भी की। वहीं भाजपा लीडरों ने भी इस प्रदर्शन का डटकर विरोध किया। कई जिलों में दोनों पार्टियों के वर्करों में आपसी झड़प तक हो गई। हालांकि पंजाब पुलिस ने बीच बचाव किया। ईडी के एक्शन के बाद राज्य के खराब हो रहे माहौल को लेकर लोगों ने भी चिंता व्यक्त की है।

### पंजाब का खजाना लूटा, आवाज उठाने से रोका गया



राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि पंजाब के खजाने को लूटा गया और जब उन्होंने पार्टी के भीतर इस मुद्दे को उठाने की कोशिश की तो उनकी आवाज दबाने का प्रयास हुआ। उन्होंने पहले भी पार्टी मंच पर कई मुद्दों को उठाने की कोशिश की थी।

### गुंडागर्दी करोगे तो तीर की तरह सीधे कर देंगे



वहीं केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि ईडी निष्पक्ष तरीके से जांच कर रही है। लेकिन पंजाब में आप पार्टी के विधायक गुंडागर्दी करने लगे हुए हैं। लेकिन गुंडागर्दी करोगे तो तीर की तरह सीधे कर देंगे। डीजीपी गौरव यादव इस मामले में तुरंत एक्शन लें, नहीं तो उनकी शिकायत केंद्रीय गृह मंत्री से की जाएगी।



लुधियाना में आपस में भिड़े आप-भाजपा वर्कर

### देर रात कोर्ट में किया पेश

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा को शनिवार देर रात गुरुग्राम कोर्ट में पेश किया। ईडी के वरिष्ठ वकीलों ने पूछताछ के लिए 10 दिनों की रिमांड की मांग की। उसके बाद बचाव पक्ष के वकील ने अपनी दलील दी। उन्होंने कहा कि मौजूदा मंत्री को बिना किसी सबूत के 72 घंटे हिरासत में रखा। ईडी के पास मनी लॉन्ड्रिंग और जीएसटी से संबंधित कोई सबूत नहीं। कस्टम के भी कोई डॉक्यूमेंट नहीं उपलब्ध करवा रहे। ये केवल राजनीतिक दुर्भावना के चलते गिरफ्तारी की गई है। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद ईडी को 7 दिन की रिमांड मंजूर की।

### जाखड़ व चुघ के घर बाहर प्रदर्शन, कई जगह पुतले फूंके

वहीं इस कार्रवाई के बाद पंजाब में आप कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। जहां लुधियाना में आप और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच हाथापाई हुई। वहीं जालंधर में प्रदर्शन हुए। अमृतसर में भाजपा राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ का आवास घेरा। यहां आप कार्यकर्ताओं ने पुलिस की बैरिकेडिंग तक तोड़ डाली। वहीं, नवांशहर से भाजपा के प्रधान राजविंदर लक्की और बंगा से आप विधायक डॉ. सुखविंदर सुक्खी भिड़ गए। वहीं अबोहर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ के सुभाष नगर स्थित आवास के बाहर धरना प्रदर्शन किया।

### ईडी के एक्शन में चड्ढा को मुख्य बिंदु माना जा रहा

राजनीतिक गलियारों में ईडी की इस कार्रवाई का मुख्य बिंदु राघव चड्ढा को माना जा रहा है। चर्चा है कि पंजाब में विधानसभा चुनाव की टिकटें बांटने, जीतने के बाद ट्रांसफरें करने और लेनदेन में चड्ढा की अहम भूमिका रही। वहीं उसे पार्टी के हर लीडर के कारोबार व अन्य चीजों की जानकारी थी। अब चड्ढा के पार्टी छोड़ते ही ईडी की कार्रवाई के चलते इसे उसके साथ जोड़ा जा रहा है।

### लुधियाना में प्रदर्शन के दौरान हुई झड़प

रविवार को आप पार्टी के मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां, विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल, जिला प्रधान जतिंदर खंगूड़ा समेत अन्य लीडरों द्वारा दुगरी रोड स्थित भाजपा ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान ऑफिस में भाजपा जिला प्रधान रजनीश धींमान, अरुण सरीन व अन्य नेता मौजूद थे। इस दौरान आप और भाजपा वर्करों में जमकर धक्का मुक्की हुई। पुलिस ने बीच बचाव किया। जिसके बाद आप ने प्रधानमंत्री का पुतला फूंका।


ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ ॥ ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ॥

अंतिम अरदास



आपको बड़े दु:खी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिता जी

श्री मेहताब सिंह खुराना

(13.08.1935 - 06.05.2026)

दिनांक 06 मई 2026 को अपनी सांसारिक यात्रा सम्पूर्ण करके गुरु चरणों में लीन हो गए हैं।

अंतिम अरदास दिनांक 11–05–2026 सोमवार को दोपहर 1 से 2.30 बजे तक गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, मॉडल टाउन एक्सटेंशन, लुधियाना में होगी।

शोकग्रस्त:

इकबाल सिंह खुराना 'लक्की'–अमृतपाल कौर (पुत्र–पुत्रवधु)
तनजीत सिंह खुराना 'हैप्पी'–पुपिन्द कौर (पुत्र–पुत्रवधु)
गुरपाल कौर–अमृतपाल सिंह (बेटी–दामाद)
जगजीत कौर–जतिन्द मोहन सिंह (बेटी–दामाद)
तनवीर सिंह–पलक खुराना (पौत्र–पौत्रवधु)
सिमरनजीत सिंह–इकप्रीत कौर (पौत्र–पौत्रवधु)
हर्षदीप सिंह (पौत्र)
नहमत कौर (पड़पौत्री) अर्जुनदीप सिंह खुराना (पड़पौत्र)
सुरजीत कौर (बहन)
कमलजीत कौर–इशविन्द पाल सिंह (पौत्री–पौत्रदामाद)
हरनीत कौर–अमरजोत सिंह (पौत्री–पौत्रदामाद)
सुखजीत कौर–गुरमन्नत सिंह (पौत्री–पौत्रदामाद)
सुरेन्द्रपाल सिंह–प्रीति (दोहता–दोहतवधु)
मनप्रीत सिंह–रूबी (दोहता–दोहतवधु)
दमनप्रीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह (दोहते)
लक्ष्मी कौर–हरजिन्द सिंह (दोहती–दोहतदामाद)
सरस्वती कौर–गगनदीप सिंह (दोहती–दोहतदामाद)

HAPPY KHURANA GARMENTS
NEW HAPPY KHURANA GARMENTS
SWARAJ KAUR GRANDSONS
ANMOL AGENCY Dal Bazar, Ludhiana
YOUR FILM PVT. LTD. Ludhiana (M) 98141-17095, 98145-17095

Uturn Time 11 May 2026_Layout 2 10-05-2026 23:27 Page 2



# तीन दिवसीय LABA 2026 का आगाज, विंटर वियर उद्योग को मिला नया मंच

## प्रदर्शनियां नेटवर्किंग से लेकर ब्रॉन्ड प्रमोशन का बेस्ट मंच : थापर













लुधियाना/यूटर्न/10 मई। लुधियाना अपैरल ब्रांड्स एसोसिएशन (LABA) की ओर से आयोजित तीन दिवसीय 'बायर्स एंड सेलर्स मीट-2026' का रविवार को जालंधर बाईपास स्थित वैस्टर्न एड्रेस रिजॉर्ट में भव्य शुभारंभ हुआ। विंटर वियर उद्योग से जुड़े निमार्ताओं, ब्रांड्स और डीलरों की बड़ी भागीदारी के साथ शुरू हुए इस आयोजन को लेकर कारोबारियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजकों के अनुसार, यह प्रदर्शनी आगामी विंटर सीजन के लिए नए व्यापारिक अवसरों को बढ़ावा देने के साथ-साथ फैशन ट्रेंड्स तय करने में अहम भूमिका निभाएगी।

उद्घाटन अवसर पर गंगा एक्रोवूल के प्रेजिडेंट अमित थापर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनका स्वागत LABA के चेयरमैन गुरप्रीत सिंह और प्रधान आकाश बंसल ने किया। इस मौके पर अमित थापर ने कहा कि लुधियाना देश का प्रमुख निटवेयर हब है और ऐसे आयोजन से टैक्सटाइल सैक्टर ही नहीं बल्कि टूरिज्म से लेकर अन्य उद्योग को भी लाभ पहुंचता है।

तीन दिवसीय इस मीट में देश के प्रमुख ब्रांड्स अपने नए विंटर कलेक्शन के साथ भाग ले रहे हैं। प्रदर्शनी में आधुनिक डिजाइन, नए पैटर्न और आकर्षक रंग संयोजन खरीदारों को लुभा रहे हैं। पंजाब समेत कई राज्यों से पहुंचे डीलर विभिन्न ब्रांड्स के साथ व्यापारिक समझौते करने में रुचि दिखा रहे हैं। आयोजकों का मानना है कि यह मंच नेटवर्किंग, नए बाजार तलाशने और उद्योग को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती देने में सहायक सिद्ध होगा।

## LRGMA का बड़ा ऐलान : डिजिटल प्लेटफॉर्म से इंटरनेशनल मार्केट में पहुंचेगा मैन्युफैक्चरिंग सैक्टर





लुधियाना/यूटर्न/10 मई। लुधियाना अपैरल ब्रांड्स एसोसिएशन (LABA) की ओर से आयोजित तीन दिवसीय 'बायर्स एंड सेलर्स मीट-2026' का रविवार को जालंधर बाईपास स्थित वैस्टर्न एड्रेस रिजॉर्ट में भव्य शुभारंभ हुआ। विंटर वियर उद्योग से जुड़े निमार्ताओं, ब्रांड्स और डीलरों की बड़ी भागीदारी के साथ शुरू हुए इस आयोजन को लेकर कारोबारियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजकों के अनुसार, यह प्रदर्शनी आगामी विंटर सीजन के लिए नए व्यापारिक अवसरों को बढ़ावा देने के साथ-साथ फैशन ट्रेंड्स तय करने में अहम भूमिका निभाएगी।

उद्घाटन अवसर पर गंगा एक्रोवूल के प्रेजिडेंट अमित थापर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनका स्वागत छअइअ के चेयरमैन गुरप्रीत सिंह और प्रधान आकाश बंसल ने किया। इस मौके पर अमित थापर ने कहा कि लुधियाना देश का प्रमुख निटवेयर हब है और ऐसे आयोजन से टैक्सटाइल सैक्टर ही नहीं बल्कि टूरिज्म से लेकर अन्य उद्योग को भी लाभ पहुंचता है। तीन दिवसीय इस मीट में देश के प्रमुख ब्रांड्स अपने नए विंटर कलेक्शन के साथ भाग ले रहे हैं। प्रदर्शनी में आधुनिक डिजाइन, नए पैटर्न और आकर्षक रंग संयोजन खरीदारों को लुभा रहे हैं। पंजाब समेत कई राज्यों से पहुंचे डीलर विभिन्न ब्रांड्स के साथ व्यापारिक समझौते करने में रुचि दिखा रहे हैं।

## प्रख्यात उद्योगपति व हैप्पी खुराना गारमेंट्स के संस्थापक मेहताब सिंह खुराना की अंतिम अरदास आज

लुधियाना/यूटर्न/10 मई। इस संसार में जो भी आता है, उसका जाना भी तय है, परंतु कुछ लोग अपने जीवन में ऐसे कार्य कर जाते हैं कि उनका नाम लंबे समय तक लोगों के दिलों में जीवित रहता है। स्वर्गीय श्री मेहताब सिंह खुराना भी ऐसे ही महान व्यक्तित्व थे। 6 मई 2026 को उन्होंने अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करते हुए गुरु चरणों में विलीन हो गए। दाल बाजार मर्चेंट्स एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी तथा हैप्पी खुराना गारमेंट्स के मालिक हरदीप सिंह लक्की खुराना और तनजीत सिंह हैप्पी खुराना के पिता मेहताब सिंह खुराना (91) का जन्म 13 अगस्त 1935 को लायलपुर (वर्तमान पाकिस्तान) में पिता लाल सिंह पसारी और माता प्रेमी कौर के घर हुआ। बचपन में ही उनके पिता का देहांत हो गया था। भारत विभाजन के दौरान वे अपनी माता और पांच बहनों के साथ भारत आ गए। कठिन परिस्थितियों में उन्होंने मेहनत और संघर्ष के साथ परिवार का भरण-पोषण किया तथा अपनी पांचों बहनों के विवाह की जिम्मेदारी भी पूरी निष्ठा से निभाई। रेलवे से सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने रेडीमेड गारमेंट्स के व्यवसाय की शुरूआत की। मिलनसार, सरल स्वभाव और दयालु प्रवृत्ति के धनी स्व. मेहताब सिंह खुराना ने वर्ष 1993 में महानगर के प्रतिष्ठित दाल बाजार में होलसेल रेडीमेड गारमेंट्स का कारोबार शुरू किया। उनके दोनों पुत्र इकबाल सिंह लक्की खुराना और तनजीत सिंह हैप्पी खुराना ने अपने कर्मठ पिता के साथ मिलकर मेहनत, ईमानदारी और समर्पण से इस व्यापार को नई बुलंदियों तक पहुंचाया। गुरुद्वारा साहिब में माथा टेकना, सेवा करना और सिमरन करना उनकी दिनचर्या का अहम हिस्सा था। वे अपने पीछे एक बड़ा और संस्कारी परिवार छोड़कर गए हैं। उन्होंने अपने बच्चों और परिवार को अच्छे संस्कार व शिक्षाएं दीं, जिनका पालन करते हुए परिवार के सदस्य उनके नाम को आगे बढ़ा रहे हैं। जीवन के अंतिम समय तक उन्होंने अपनी हर महीने की पेंशन जरूरतमंद और असहाय लोगों की मदद के लिए समर्पित की। दाल बाजार मर्चेंट्स एसोसिएशन के प्रधान सुरेश धीर राजा ने कहा कि स्व. मेहताब सिंह खुराना के निधन से उनके परिवार को गहरा दुख पहुंचा है, वहीं दाल बाजार के व्यापारिक वर्ग ने भी एक सफल व्यापारी, मार्गदर्शक और उद्योग जगत के प्रेरणास्रोत को खो दिया है।


LATE S. MEHTAB SINGH JI
13.08.1935 - 06.05.2026

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 120 | MONDAY 11-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


## आम आदमी पार्टी के झूठे आरोपों का भाजपा देगी मुंहतोड़ जवाब

दिनेश मौदगिल



लुधियाना/यूटर्न/10 मई। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं द्वारा भाजपा के कार्यकताओं पर हमला बोला गया। यह हमला कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा की गिरफ्तारी को लेकर आप सरकार द्वारा भाजपा कार्यकताओं पर किया गया। जिसको लेकर भाजपा अध्यक्ष धीमान ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और उन्होंने आम आदमी पार्टी व लुधियाना प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े किए? उन्होंने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा लगाए जा रहे आरोप निराधार और राजनीतिक द्वेष से प्रेरित ओर निराधार है।

# सुखना झील पर मंडराया प्रदूषण का खतरा, बरसाती नालों में छोड़ा जा रहा सीवेज; पार्षद ने मांगी सख्त कार्रवाई







चंडीगढ़/यूटर्न/10 मई। शहर की पहचान और 'लाइफलाइन' मानी जाने वाली सुखना झील पर प्रदूषण का खतरा गहराता जा रहा है। आरोप है कि झील तक पहुंचने वाली बरसाती पानी की लाइन में अवैध रूप से सीवेज और सेप्टिक टैंक का मलजल छोड़ा जा रहा है, जिससे झील का पानी लगातार दूषित हो रहा है। इस मामले को लेकर पार्षद जसविंदर कौर ने नगर निगम कमिश्नर को शिकायत भेजकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने शिकायत के साथ कुछ तस्वीरें भी भेजी हैं, जिनमें खुडा अली शेर से सुखना झील की ओर जाने वाली बरसाती लाइन में गंदा पानी छोड़े जाने का



दावा किया गया है। पार्षद के मुताबिक खुडा अली शेर के साथ लगते शिवालिक विहार, कांसल और नया गांव क्षेत्रों में पर्याप्त सीवेज व्यवस्था नहीं है। इसका फायदा उठाकर कुछ निजी टैंकर संचालक और सफाईकर्मी सुनसान इलाकों में सीवेज सीधे बरसाती नालों में छोड़ देते हैं, जो आगे चलकर सुखना झील में पहुंचता है। उन्होंने कहा कि यह न केवल झील की पारिस्थितिकी के लिए खतरा है, बल्कि इससे पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर पड़ सकता है। शिकायत में नगर निगम से मांग की गई है कि बरसाती नालों के आसपास अचानक निरीक्षण और छापेमारी की जाए तथा अवैध रूप से सीवेज छोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। पार्षद ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो सुखना झील का प्राकृतिक संतुलन प्रभावित हो सकता है और शहर की सबसे महत्वपूर्ण जल धरोहर को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।



मदर्स डे पर संस्कार केंद्र में सजा भावनाओं का रंगमंच, मेयर सौरभ जोशी ने माताओं को बताया परिवार की सबसे मजबूत नींव










Uturn Time 11 May 2026_Layout 2 10-05-2026 23:27 Page 4



# पंचकूला नगर निगम चुनाव में शाम 5:30 बजे तक 48.4 फीसदी मतदान








पंचकूला। नगर निगम पंचकूला 2026 चुनाव के तहत मेयर पद और 20 वार्डों के पार्षदों के लिए शनिवार को मतदान जारी रहा। शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला। निर्वाचन विभाग के अनुसार शाम 5:30 बजे तक कुल 48.4 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं और पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। चुनाव अधिकारियों के मुताबिक मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। देर शाम तक मतदान प्रतिशत में और बढ़ोतरी होने की संभावना जताई जा रही है।

# जिला की मंडियों में सुचारू रूप से चल रहा है गेंहू की खरीद और उठान का कार्य

## अब तक 36165 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद तथा 34629 मीट्रिक टन गेंहू का हुआ उठान

पंचकूला/यूटर्न/10 मई। पंचकुला में रबी सीजन 2026-27 के दौरान गेंहू की खरीद एवं उठान का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा जिला की मंडियों में से अब तक 36165 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद की गई और 34629 मीट्रिक टन गेंहू का उठान किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कार्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि सरकारी खरीद एजेंसियों हैफेड और हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोरेशन द्वारा रायपुररानी, बरवाला और पंचकूला स्थित अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद की जा रही है। उन्होंने बताया कि रायपुररानी अनाज मंडी से हैफेड द्वारा 4744 मीट्रिक टन गेंहू और



हरियाणा वेयर हाउसिंग कोरपोरेशन द्वारा 13083 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद की गई। इसी प्रकार बरवाला अनाज मंडी से हैफेड द्वारा 7850 मीट्रिक टन गेंहू और हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोशन द्वारा 8638 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद की गई। इसके अलावा पंचकूला अनाज मंडी से हैफेड द्वारा 1850 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद की गई। उन्होने बताया कि मंडियों में खरीद के साथ साथ उठान का कार्य भी सुचारू रूप से चल रहा है। रायपुररानी अनाज मंडी से हैफेड द्वारा 4571 मीट्रिक टन गेंहू और हरियाणा वेयर हाउसिंग कोरपोरेशन द्वारा 12014 मीट्रिक टन गेंहू का उठान किया गया। इसी प्रकार बरवाला अनाज मंडी से हैफेड द्वारा 7850 मीट्रिक टन गेंहू और हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोशन द्वारा 8638 मीट्रिक टन गेंहू का उठान किया गया। पंचकूला अनाज मंडी से हैफेड द्वारा 1556 मीट्रिक टन गेंहू का उठान किया गया।

# भाजपा वरिष्ठ नेता योगेश्वर शर्मा ने पत्नी संग किया मतदान, लोगों से अधिक से अधिक वोट डालने की अपील

पंचकूला/यूटर्न/10 मई। नगर निगम चुनाव के तहत शनिवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश्वर शर्मा ने अपनी धर्मपत्नी के साथ



सेक्टर-16 स्थित मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद योगेश्वर शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में हर नागरिक की भागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि मजबूत लोकतंत्र और विकसित पंचकूला के निर्माण के लिए प्रत्येक वोट महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जागरूक मतदाता ही शहर के बेहतर भविष्य की नींव रखते हैं। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया।

# पीयू के सरदार वल्लभ भाई पटेल बॉयज हॉस्टल नं. 4 ने भोजन गुणवत्ता निरीक्षण में प्राप्त किया प्रथम स्थान




चंडीगढ़/यूटर्न/10 मई। पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के डीन स्टूडेंट वेल्फेयर द्वारा वार्षिक समारोह के अवसर पर सभी हॉस्टलों में भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, तैयारी तथा प्रस्तुति के निरीक्षण हेतु एक विशेष कमेटी का गठन किया गया था। कमेटी द्वारा किए गए विस्तृत निरीक्षण के उपरांत घोषित परिणामों में सरदार पटेल बॉयज हॉस्टल नं. 4 ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कमेटी ने विश्वविद्यालय के विभिन्न हॉस्टलों में भोजन की गुणवत्ता, रसोई व्यवस्था, स्वच्छता तथा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के आधार पर जारी परिणामों में बॉयज हॉस्टल नं. 4 को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया, जबकि द्वितीय स्थान हॉस्टल नं. 3 एवं तृतीय स्थान हॉस्टल नं. 2 को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर बॉयज हॉस्टल नं. 4 के वार्डन डॉ. नवीन कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे हॉस्टल परिवार के सामूहिक सहयोग, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने हॉस्टल कमेटी, मेस प्रबंधन, कर्मचारियों एवं सभी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि सभी के बेहतर समन्वय और निरंतर प्रयासों के कारण ही हॉस्टल को यह सम्मान प्राप्त हुआ है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी बॉयज हॉस्टल नं. 4 इसी प्रकार उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करता रहेगा। हॉस्टल के जनरल सेक्रेटरी एवं ओवरऑल कोऑर्डिनेटर सरताज सिंह ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि डॉ. नवीन कुमार ने सदैव विद्यार्थियों के हितों, बेहतर व्यवस्थाओं, स्वच्छता तथा गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी, जिसके परिणामस्वरूप आज हॉस्टल ने यह प्रतिष्ठित उपलब्धि प्राप्त की है।

उल्लेखनीय है कि डीन स्टूडेंट वेल्फेयर कार्यालय द्वारा जारी आधिकारिक पत्र में बॉयज हॉस्टल नं. 4 को प्रथम स्थान प्रदान करते हुए पुरस्कार राशि की भी घोषणा की गई है और बॉयज हॉस्टल नं. 4 ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पण, नेतृत्व तथा सामूहिक प्रयास से उत्कृष्टता प्राप्त की जा सकती है।

चंडीगढ़

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

III सोमवार, 11 मई 2026



पेज 12 चुनावी स्टंट या जनसेवा? हड़ताल के बीच वार्ड-15...

## चंडीगढ़ में मेट्रो प्रोजेक्ट पर फिर छिड़ी बहस, सांसद मनीष तिवारी बोले- अफसरशाही की वजह से अटका मामला

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/10 मई। शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव और सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को लेकर एक बार फिर मेट्रो प्रोजेक्ट चर्चा में आ गया है। सांसद मनीष तिवारी ने चंडीगढ़ में मेट्रो परियोजना को समय की जरूरत बताते हुए प्रशासनिक व्यवस्था और अफसरशाही पर सवाल उठाए हैं।

सेक्टर-51 स्थित अजंता सोसाइटी में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान मनीष तिवारी ने कहा कि शहर की आबादी और वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन उसके अनुरूप सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था विकसित नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि आने वाले 10 वर्षों की जरूरतों को देखते हुए चंडीगढ़ को मेट्रो जैसी आधुनिक ट्रांसपोर्ट



प्रणाली की आवश्यकता है। सांसद ने दावा किया कि राइट्स (RITES) अपनी रिपोर्ट दो बार प्रशासन को सौंप चुका है, लेकिन इसके बावजूद प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने में गंभीरता नहीं दिखाई जा रही। उन्होंने आरोप लगाया कि अफसरशाही इस अहम परियोजना को जानबूझकर लंबित रख रही है।

मनीष तिवारी ने चेतावनी दी कि यदि अभी से ठोस कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि चंडीगढ़ के मौजूदा गवर्नेंस मॉडल में बदलाव की जरूरत है, क्योंकि वर्तमान व्यवस्था आम लोगों की समस्याओं का प्रभावी समाधान करने में विफल साबित हो रही है। इस जनसंवाद कार्यक्रम में कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एचएस लक्की भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न हाउसिंग सोसाइटियों के निवासियों ने पानी, ट्रैफिक, पार्किंग और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं नेताओं के सामने रखीं।

## चंडीगढ़-मोहाली में वारदात की तैयारी कर रहे शातिर दबोचे, इटली बैठे व्यक्ति ने मुहैया करवाए हथियार



चंडीगढ़/यूटर्न/10 मई। पंजाब पुलिस मोहाली-चंडीगढ़ में वारदात की साजिश बना रहे दो आरोपियों को पुलिस ने अरेस्ट किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से तीन पिस्टल और कारतूस बरामद किए हैं। मामले में इटली में बैठे एक आरोपी को भी नामजद किया गया है। उसने ही हथियारों की खेप मुहैया करवाई थी। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस अब हथियार सप्लाई नेटवर्क के आगे और पीछे के लिंक खंगालने में जुटी है।

### इस सूचना के आधार पर दबोचा

एसएसओसी के एआईजी दीपक पारिख ने बताया कि 9 मई 2026 को पुलिस को सूचना मिली थी कि होशियारपुर के गांव कनेवाल निवासी और फिलहाल बनूड़ की गोयल कॉलोनी में रह रहा परवीन कुमार उर्फ शामा उर्फ पारस अवैध हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी में शामिल है। जांच के दौरान पुलिस टीम ने बनूर इलाके में छापेमारी कर आरोपी परवीन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसके किराए के मकान से एक .32 बोर पिस्टल, एक मैगजीन और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

### आरोपी कबड्डी खिलाड़ी भी रह चुका

पुलिस के मुताबिक परवीन कुमार का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है। वह 2018 में दर्ज एक लूट मामले में भगोड़ा है। पूछताछ में परवीन ने अपने साथी हरीश उर्फ हैरी भूपाल का नाम उजागर किया। इसके बाद एसएसओसी टीम ने होशियारपुर में छापेमारी कर उसे भी गिरफ्तार किया। हरीश की निशानदेही पर पुलिस ने दो 9 एमएम ग्लॉक पिस्टल बरामद कीं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हरीश एक अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी है और टीम इटली की ओर से कई अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेल चुका है।

## आप मंत्री पर हुई कार्रवाई में कांग्रेस सांसद का बड़ा बयान, भाजपा केंद्रीय एजेंसियों का कर रही दुरुपयोग

चंडीगढ़/यूटर्न/10 मई।। चंडीगढ़ के सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि 2014 में जब से केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है, सरकारी एजेंसियों व खुफिया तंत्र का लगातार दुरुपयोग हो रहा है। पंजाब में विजिलेंस विभाग और केंद्र सरकार में ईडी व सीबीआई का दुरुपयोग हो रहा है। इसे रोकने के लिए एक पुख्ता कानून बनाने की जरूरत है, जो राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ इस तरह के इस्तेमाल को पूरी तरह रोके। उन्होंने कहा कि पश्चिमी बंगाल में चुनाव जीता नहीं, तो सत्ता हथियाई है। 2014 से जब से केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है। जो सरकारी गैस एजेंसिया व जो खुफिया का लगातार दुरुपयोग हो रहा है। चाहे सीबीआई हो, चाहे ईडी या इनकम





टैकस हो। कई बार न्यायपालिका ने भी इस पर बहु गंभीर टिप्पणी की है। अभी आपने देखा कि किस तरह पश्चिमी बंगाल में लोगों के वोट काटकर जो सरकार है भाजपा द्वारा हियाई गई। वह चुनाव जीते नहीं है। सरकार हथियाई गई है।

### *पंजाब के चुनाव के चलते हो रही गलत प्रैक्टिस*

*अब पंजाब में चुनाव है। ऐसी ही प्रकिया अब यहां पर शुरू हो गई। सवाल आम आदमी पार्टी, कांग्रेस का नहीं है। बुनियादी सवाल है यह सरकारी तंत्र का दुरुपयोग राजनीतिक तंत्र द्वेश के लिए होने चाहिए। दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो लोग इसके बारे में इतना ज्यादा गुस्सा जता रहे है। उनको इस बात बार भी आत्मचिंतन करना चाहिए कि वह सूबे में किस तरह सरकारी तंत्र का प्रयोग करते है। यह सरकारी तंत्र का दुरुपयोग है।*

## जीएचजी अकादमी में गूँजा सुरक्षा का मंत्र, छात्रों ने सीखे आग से जंग के गुर

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/10/मई। भविष्य की चुनौतियों और आपातकालीन स्थितियों के प्रति छात्रों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जी.एच.जी अकादमी, जगरांव में एक विशेष अग्निशामक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस सत्र के माध्यम से न केवल छात्रों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया, बल्कि उन्हें संकट के समय 'रक्षक' बनने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

**'PASS' तकनीक का मंत्र:** प्रशिक्षकों ने छात्रों को आग बुझाने का सबसे सरल और प्रभावी फॉर्मूला 'PASS' सिखाया:

P (Pull): पिन खींचना, A (Aim): आग की जड़ पर निशाना लगाना, S (Squeeze) लीवर को दबाना, S (Sweep): दाएं-बाएं घुमाते हुए बौछार करना।



**व्यावहारिक प्रदर्शन:** केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहकर, छात्रों को खुद अग्निशमन उपकरणों को चलाने का मौका दिया गया, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा।

**वर्गीकरण का ज्ञान:** सत्र में बताया गया कि आग की प्रकृति अलग-अलग होती है और किस प्रकार की आग (जैसे बिजली या तेल की आग) पर कौन सा उपकरण प्रभावी होता है।

### नेतृत्व का संदेश

स्कूल प्रबंधन के वरिष्ठ सदस्य स. गुरमेल सिंह मल्ही और प्रधानाचार्या श्रीमती रमनजोत कौर ग्रेवाल ने इस आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।



किताबी शिक्षा के साथ-साथ जीवन रक्षक कौशल (Life Skills) का ज्ञान होना आज के समय की मांग है। हमारा उद्देश्य है कि आपदा के समय हमारे छात्र घबराएं नहीं, बल्कि सूझबूझ के साथ स्थिति को संभालें।₹ — प्रबंधन, जी.एच.जी अकादमी

निष्कर्ष : छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने यह सिद्ध कर दिया कि वे न केवल सजग नागरिक बन रहे हैं, बल्कि किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अकादमी द्वारा की गई इस पहल की अभिभावकों और स्थानीय निवासियों ने भी सराहना की है।

# 'कर भला हो भला' संस्थान द्वारा 71वां राशन वितरण समारोह संपन्न



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/10/मई। मानवता की सेवा को समर्पित संस्था 'कर भला हो भला' द्वारा अपना 71वां राशन वितरण महाकुंभ अत्यंत श्रद्धा और सेवा भाव के साथ आयोजित किया गया। इस विशेष आयोजन के दौरान क्षेत्र के 50 जरूरतमंद परिवारों को मासिक राशन वितरित किया गया, ताकि उनके घर की रसोई सुचारू रूप से चल सके। संस्थान के पदाधिकारियों ने संकल्प दोहराया कि वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुँचाने के अपने मिशन को निरंतर जारी रखेंगे। प्रमुख सेवादार और गणमान्य सदस्य: इस नेक कार्य में संस्थान की पूरी टीम ने अपना सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम में निम्नलिखित सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे: रोहित अरोड़ा चेयरमैन, सुनील बजाज सरपरस्त, विशाल शर्मा प्रधान, नीरज कटारिया कैशियर, ननेश गांधी पी.आर.ओ, कँवल कक्कड़ सेक्रेटरी, डॉ. मदन लाल वाइस चेयरमैन, सहयोगी टीम: नरेश वर्मा, शुभम अरोड़ा, राजन बजाज, शिरिल बजाज, रिकी चावला, अजय गुप्ता और मुनीश अरोड़ा।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

## मन की मनमानी।

क्या आपने कभी इस बात को महसूस किया है कि जब भी कभी आपका मन कोई नई अपनी पसंदीदा चीज खरीदने को कर रहा होता है तब बाजार में आपको हर जगह बस उसी तरह की चीजें दिखने लग जाती हैं। जैसे कि अगर किसी का मन एक सफेद रंग की किसी खास ब्रैंड की गाड़ी लेने का है तो उसे आते जाते सड़क पर वही गाड़ी कहीं न कहीं दौड़ती दिख ही जाएगी। किसी को कोई खास रंग के कपड़े खरीदने की इच्छा हुई तो उसे शोरूम के डिस्पले में उस रंग के कपड़े दिखने शुरू हो जाएँगे और फिर हमें लगने लगता है कि देखो इस चीज का इतना ज्यादा रिवाज आ गया है तभी तो हर जगह बस वो ही दिखाई पड़ रहा है। रिवाज तो नए से नए और अनगिनत बाजार में हर समय भरे पड़े रहते हैं और चीज तो जो भी बाजार में चलती है वो हर समय बाजार में उपलब्ध रहती ही है पर जब तक हम किसी खास चीज को पाने की चाह नहीं रखते तब तक वो हमारी आँखों के सामने होते हुए भी हमें कभी दिखाई नहीं देती या फिर हम उसे देखकर

भी उसकी कद्र समझ नहीं पाते परंतु जैसे ही हमारा मन आवाज देता है कि बस अब मुझे यह चाहिए बस उसी पल से आपकी इच्छा पूरी करने के लिए कुदरत आपको वो ही दिखाना शुरू कर देती है जो आप देखना चाहते हैं। इसका मतलब है कि हमारा मन ही अपनी मनमर्जी से हमें चलाता है और जिस चीज को वो हमें दिखाना चाहता है उसके लिए अपनी आँखें खोल लेता है और जिस चीज को वो नहीं दिखाना चाहता वो चीज भले हमारी संसारी आँखों को ठीक सामने भी क्यों न पड़ी हो हमें कभी भी दिखाई नहीं देगी। फिर बात घूमकर मन पर ही आ कर टिकती है कि जिसने अपनी बुद्धि से मन को संयम में कर लिया जीत उसी को हासिल होती है। वरना

तो दुनिया में कभी अच्छी सम्भावनाओं की कमी नहीं रहती बशर्ते हम दुनिया को ज्ञान की आँखों से देखें न की मन की मनमानी आँखों से।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**क्या Working Woman भी Maintenance मांग सकती है?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

Maintenance को लेकर एक सामान्य धारणा यह है कि यदि पत्नी नौकरी करती है, तो उसे भरण-पोषण ( Maintenance) नहीं मिल सकता। लेकिन कानून की स्थिति इतनी सरल नहीं है।

सिर्फ नौकरी करना या कुछ आय होना अपने आप में Maintenance से वंचित होने का आधार नहीं बनता। अदालत यह देखती है कि महिला की आय उसकी आवश्यकताओं और जीवन स्तर के लिए पर्याप्त है या नहीं। उदाहरण के तौर पर, यदि पति की आय बहुत अधिक है और पत्नी की आय comparatively कम है, तो अदालत आर्थिक संतुलन (financial balance) बनाए रखने के लिए maintenance देने का आदेश दे सकती है। इसी प्रकार, यदि पत्नी अस्थायी नौकरी कर रही है, या उसकी आय स्थिर नहीं है, तो भी अदालत परिस्थितियों के अनुसार राहत दे सकती है।

हालांकि, यदि महिला आर्थिक रूप से पूरी तरह सक्षम है और स्वयं अपना खर्च आराम से उठा सकती है, तो maintenance कम या अस्वीकार भी किया जा सकता है।

अदालत आमतौर पर दोनों पक्षों की आय, जीवन शैली, जिम्मेदारियों और वास्तविक जरूरतों को ध्यान में रखकर निर्णय लेती है।

कई लोग यह मान लेते हैं कि working woman को कभी maintenance नहीं मिल सकता, जबकि वास्तविकता में हर मामला अपनी परिस्थितियों के आधार पर तय होता है।

निष्कर्ष : Working Woman होने से maintenance का अधिकार स्वत: समाप्त नहीं होता। अदालत प्रत्येक मामले में आय, जरूरत और जीवन स्तर को देखकर ही निर्णय लेती है।

# सत्संग में आत्मिक चेतना पर जोर: स्वाध्याय, जप और सेवा से जीवन में शांति संभव : संत रमणीक बेदी

























लुधियाना/यूटर्न/10 मई। श्री राम शरणम , श्री राम पार्क के साप्ताहिक सत्संग में संत रमणीक बेदी जी ने कहा कि पूज्य श्री स्वामी सत्यानन्द जी का कथन है कि सत्संग के प्रभाव से मलिन आत्मा-पुरुष भी उस परम-पद को जा पहुंचता है। भगवान के नाम को लेना अपनी आत्मा को उठाना है। इससे व्यवहार भी अच्छा होता है, परलोक भी और परमार्थ की तो पदवी सिद्ध हो जाती है। इसलिये हर स्त्री-पुरुष को सिमरन, जप करना चाहिये-स्वाध्याय भी करना चाहिये। बड़ाई कोई अच्छे आभूषण में ही नहीं, अपितु ज्योति को निर्मल बनाना चाहिये। मृत्यु होने पर लोग रोते हैं और कहते हैं, वह छोड़ गया। मरता कोई नहीं है , आत्मा मरता नहीं है। जैसे कोई घर से खेत में गया, घर में तो है नहीं। रोना अपने सुख और स्वार्थ का है। पर वह लौट कर तो आता नहीं है। बल्ब फ्यूज हो जाये, तो क्या बिजली ही बंद हो गई? इस आत्म-शक्ति को जाग्रत करना। स्वाध्याय, सत्संग, जप, पाठ, आराधन करना। अनर्थ और व्यर्थ कर्म छोड़ना। बहनों और भाइयों! इन बातों को स्मरण रखना, इनको पालन करना।

प्रत्येक व्यक्ति सुखार्थी है। सुख तीन प्रकार के होते हैं— सात्त्विक, राजसिक और तामसिक। आरम्भ में विषवत्, किन्तु परिणाम में मधुर सुख ही सात्त्विक है। वह सुख बुद्धि के प्रकाश से प्राप्त होता है तथा आत्मबुद्धि की प्रसन्नता से उत्पन्न होता है, अतः आत्म बुद्धि 'प्रसाद' - सुख होता है। विषय और इन्द्रियों पर आधारित सुख पहले अमृत सदृश्य होता है, परन्तु परिणाम में मृत्यु तुल्य होता है। यह सुख राजस है।

निद्रा, प्रमाद और आलस पर आधारित सुख तामसी होता है। राजस और तामसी सुखों को त्यागना चाहिये। शंका-रहित भक्ति से पराभक्ति की प्राप्ति होती है। इसी को अनन्य व निर्भरा-भक्ति कहते हैं। मोक्ष का सरल और निश्चित मार्ग राम-नाम पर अटल विश्वास है। जन-सेवा भी भक्ति का प्रकार है। तुम्हारा प्रत्येक कार्य भगवान की पूजा है। सतत परहित और सेवा में लगे रहो, यही सच्ची भक्ति है।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, दहेज प्रताड़ना के आरोप में पति और जेठ गिरफ्तार

मोहाली/यूटर्न/10 मई। मोहाली जिले के खरड़ थाना क्षेत्र के गांव दुबाली में 27 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मामले में मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न और घरेलू कलह के आरोप लगाए हैं। मजात चौकी पुलिस ने मृतका के पिता जसवीर सिंह और भाई गुरबचन सिंह के बयानों के आधार पर धारा 80 और 61(2) के तहत केस दर्ज कर आरोपी पति परविंदर सिंह और जेठ पवनजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका की पहचान कर्मजीत कौर के रूप में हुई है। मृतका के भाई के अनुसार, कर्मजीत कौर की शादी 7 जून 2024 को गांव



दुबाली निवासी परविंदर सिंह के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही दहेज की मांग को लेकर उसे परेशान किया जाने लगा। परविंदर सिंह शराब पीने का आदी था और अक्सर कर्मजीत कौर के साथ मारपीट करता था।

### अस्पताल में हुई मौत

बुधवार रात ससुराल पक्ष ने मायके वालों को फोन कर बताया कि कर्मजीत कौर की तबीयत अचानक बिगड़ गई है और उसे अस्पताल ले जाया जा रहा है। गुरुवार सुबह मायके पक्ष को उसकी मौत की सूचना मिली। ससुराल पक्ष के मुताबिक, उसे पहले सिविल अस्पताल खरड़, फिर मोहाली अस्पताल और बाद में जीएमसीएच-32 ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



Uturn Time 11 May 2026_Layout 2 10-05-2026 23:27 Page 7



## चैंपियन बिस्किट कंपनी मालिक, पत्नी, बेटे और पिता पर बहू का शोषण करने के आरोप

# युवक ने खुद को हाई क्वालीफाई बता शादी में खर्च करवाए करोड़ों, फिर ससुराली करने लगे मारपीट व ब्लैकमैजिक, मामला दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/10 मई। आज कल के समय में परिवार बसाना बेहद मुश्किल होता जा रहा है। जैसे जैसे जनरेशन आगे बढ़ रही है, वैसे वैसे आपसी गृह कलेश के मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामला शहर के नामी चैंपियन बिस्टिक कंपनी के मालिक परिवार का सामने आया है। जिन पर बहू ही हत्या के प्रयास, शोषण करने, बेटे को हाई क्वालीफाई बता शादी करके ठगी करने, करोड़ों रुपए खर्च कराने, दहेज मांगने और ब्लैकमैजिक करने के आरोप लगे हैं। इस मामले में थाना डिवीजन नंबर सात की पुलिस ने सेक्टर-32ए की रहने वाली यामिनी की शिकायत पर दुगरी अर्बन एस्टेट फेस-1 के दूल्हे दामिन गुप्ता, उसके पिता संजय गुप्ता, मां अमिता गुप्ता, दादा तरसेम चंद गुप्ता और ब्लैकमैजिक माहिर स्वयंभू श्री राजन्या के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने दामिन, संजय और अमिता को गिरफ्तार कर लिया है। जिन्हें अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। लेकिन तरसेम चंद गुप्ता बुजुर्ग होने के चलते उनकी अरेस्त नहीं हुई, वहीं ब्लैकमैजिक एक्सपर्ट अभी फरार है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता संजीव जैन की बेटी है। आरोपी संजय गुप्ता चैंपियन बिस्किट कंपनी का मालिक है।


### झूठ बोलकर की शादी

शिकायतकर्ता दामिनी के अनुसार एक मैरिज ब्यूरो के जरिए आरोपियों द्वारा अपने बेटे आरोपी दामिन गुप्ता का रिश्ता भेजा था। जब दोनों परिवारों में बात हुई थो आरोपियों ने कहा कि दामिन हाई क्वालीफाई है। उसने कई तरह के डिपलोमा करने की बात कही। वहीं उन्होंने युवक द्वारा कोई नशा न करने का भी बोला। वहीं उन्होंने कहा कि वे दहेज भी नहीं लेगें। उनके झांसे में आकर दामिनी के परिवार वाले शादी के लिए मान गए। एक सितंबर 2024 को रोका हुआ।

### धीरे-धीरे ससुराली करने लगे मांग

रोके के बाद शादी की तारीख छह फरवरी 2025 तय हुई। लेकिन रोके के बाद ही आरोपियों द्वारा डिमांड करनी शुरू कर दी गई। उनकी डिमांड के मुताबिक शाही तरीके से करोड़ों रुपए खर्च कर जैपुर के समोदे पैलेस में शादी की गई। जिसके बाद महाराजा ग्रैंड में रिसेप्शन पार्टी हुई। आरोपियों की मांग मुताबिक शादी में कीमती गहने और अन्य सामान दिया गया। शादी के कुछ दिन बाद ही आरोपियों ने लग्जरी कार, कैश व अन्य चीजों की मांग शुरू कर दी। जब यामिनी ने मांग पूरी न की तो उसके साथ मारपीट शुरू हो गई। जिसके बाद उसे कई बार मारने का प्रयास भी किया गया। लेकिन वह चुपचाप सब सहती रही।

### ब्लैकमैजिक के जरिए सभी को वश में किया

यामिनी के मुताबिक शादी के बाद पता चला कि दामिन की डिग्रियां भी फर्जी है। जबकि वह शराब पीता और ड्रग्स लेता था। आरोपियों द्वारा ब्लैकमैजिक माहिर स्वयंभू श्री राजन्या को अपना गुरु माना जाता है। उसके जरिए आरोपियों ने यामिनी और मायके वालों पर ब्लैकमैजिक करवाकर वश में कर लिया। जिसके बाद जान से मारने की कोशिश की। लेकिन उन्होंने किसी तरह अपना बचाव किया। जब आरोपियों के जुलमों की हद पार हो गई तो शादी से तीन महीने बाद ही मई 2025 में यामिनी अपने मायके घर आ गई और पुलिस को शिकायत दी।

## जेसीआई व जेकॉम क्लब ने स्कूल सपोर्ट स्टाफ को किया सम्मानित



लुधियाना/यूटर्न/10 मई। मदर्स डे की पूर्व संध्या पर जेसीआई क्रिस्टल एलाइट लुधियाना और जेकॉम एल एलडी एच टेबल 3.0 एलाइट सिनर्जी क्लब की संयुक्त टीम द्वारा स्कूल के सपोर्ट स्टाफ को समाज के साइलेंट सुपरस्टार्सके रूप में सम्मानित करने के लिए एक भावुक और प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम बीसीएम स्कूल के एसडी हॉल में आयोजित किया गया, जिसमें करीब 80 सपोर्ट स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन लायजन ऑफिसर राकेश शर्मा, एचआर हेड रजू कौशल और टीम हेड किरण की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम में जेसीआई फाउंडर हरप्रीत जे सिंह, मनमोहन सिंह, प्रेसिडेंट किकी मल्होत्रा, वाइस प्रेसिडेंट पूजा वमार्नी, जोन कोऑर्डिनेटर इंटरनेशनलिज्म एवं फाउंडर सौरव बहरी, जॉइंट सेक्रेटरी हरि ओम जिंदल, एडवोकेट हरदीप गोयल, एडवोकेट हरिराज सिंह, समित नय्यर और जेकॉम टेबल वाइस चेयरमैन तरनजोत सिंह सहित कई गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

# एआई और एंटरप्रेन्योरशिप मास्टर क्लास में छात्रों को मिले करियर और स्टार्टअप्स के गुर



लुधियाना/यूटर्न/10 मई। लुधियाना में करियर काउंसलर और इंग्लिश कोच गीतांजलि सियाल की ओर से मास्टर्स यूनियन और जीएसए अकादमी के सहयोग से बकलावी में एआई और एंटरप्रेन्योरशिप मास्टरक्लास का आयोजन किया गया। इस दौरान कृष्णा ठाकुर और युग्मा पटोलिया ने छात्रों को बिजनेस और टेक्नोलॉजी के भविष्य से जुड़ी अहम जानकारियां दीं। मास्टरक्लास में छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में उभरते करियर विकल्पों, सही कोर्स चुनने, बिजनेस में एआई के उपयोग और स्टार्टअप इकोसिस्टम के बारे में मार्गदर्शन दिया गया ।इस मौके पर गीतांजलि सियाल ने कहा कि आज के विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार रहना बेहद जरूरी है। एआई और एंटरप्रेन्योरशिप की समझ उन्हें सही करियर चुनने और इनोवेटर बनने में मदद करेगी ।कृष्णा ठाकुर ने कहा कि एआई केवल एक टूल नहीं बल्कि बिजनेस को बदलने वाली ताकत है और जो छात्र इसे एंटरप्रेन्योरशिप के साथ जोड़ेंगे, वही भविष्य में आगे बढ़ेंगे। वहीं युग्मा पटोलिया ने कहा कि स्टार्टअप्स का उद्देश्य वास्तविक समस्याओं का समाधान करना है और सही सोच व एआई के इस्तेमाल से युवा भी सफल व प्रभावशाली वेंचर खड़े कर सकते हैं।

## ग्राम पंचायत सुंडरा ने गांववासियों की सुविधा के लिए उपलब्ध कराया टैंकर




डेराबस्सी/यूटर्न/10 मई। लगातार बढ़ रही गर्मी और पानी की बढ़ती किल्लत को देखते हुए ग्राम पंचायत गांव सुंडरा ने गांववासियों के लिए विशेष टैंकर सुविधा शुरू की है। सरपंच परमजीत कौर ने बताया कि गर्मी के मौसम में पानी की जरूरत और आपात परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पंचायत की ओर से यह कदम उठाया गया है। सरपंच परमजीत कौर ने कहा कि गर्मी बढ़ने के साथ कई इलाकों में पानी की समस्या सामने आने लगी है।

- शादी, भंडारा और आपात स्थिति में काम आएगा पंचायत का टैंकर
- आगजनी जैसी घटनाओं में भी उपयोग होगा ग्राम पंचायत का टैंकर

ऐसे में गांव के लोगों को किसी भी सामाजिक, धार्मिक या पारिवारिक कार्यक्रम के दौरान पानी की परेशानी न हो, इसके लिए पंचायत ने टैंकर उपलब्ध कराया है। गांववासी इस टैंकर का इस्तेमाल शादी समारोह, अंतिम संस्कार, लंगर, भंडारा और अन्य सामुदायिक कार्यों में कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि अगर गांव में आग लगने जैसी कोई अप्रिय घटना होती है तो इस टैंकर का उपयोग तुरंत राहत पहुंचाने के लिए भी किया जा सकेगा। पंचायत का मानना है कि आपात स्थिति में यह सुविधा गांव के लिए काफी मददगार साबित होगी। ग्राम पंचायत ने साफ किया कि टैंकर का इस्तेमाल किसी भी व्यावसायिक कार्य के लिए नहीं किया जाएगा। जिस व्यक्ति को इसकी जरूरत होगी, उसे स्वयं टैंकर लेकर जाना होगा और उपयोग के बाद वापस पंचायत को सौंपना होगा। गांववासियों ने पंचायत की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बढ़ती गर्मी के बीच यह सुविधा लोगों के लिए बड़ी राहत साबित होगी। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत का यह फैसला जरूरत के समय लोगों की मदद करने वाला कदम है।

# जोसेफ विजय ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली

चंडीगढ़/यूटर्न/10 मई। तमिलनाडु वेट्री कजगम (टीवीके) के अध्यक्ष सी. जोसेफ विजय ने रविवार (10 मई, 2026) की सुबह चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। यह एक ऐसा पल था जिसका इंतजार हजारों प्रशंसकों और समर्थकों को लंबे समय से था। जैसे ही राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने नए मुख्यमंत्री को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई, भावुक समर्थकों ने अपने थलापति के तमिलनाडु के सर्वोच्च राजनीतिक पद संभालने पर जोरदार जयकारे लगाए। कई प्रशंसक साफ तौर पर भावुक हो गए, और कुछ की आँखों से खुशी के आँसू छलक पड़े, जब उन्होंने अभिनेता से राजनेता बने अपने नेता को राज्य का मुख्यमंत्री बनते देखा। मंच पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी मौजूद थे।




## बिना गठबंधन के लड़ा था चुनाव

- टीवीके ने बिना किसी गठबंधन के 233 सीटों पर चुनाव लड़ा और 23 अप्रैल को हुए विधानसभा चुनावों में पड़े कुल 4.9 करोड़ वोटों में से लगभग 1.7 करोड़ वोट हासिल किए। 4 मई को विधानसभा की 234 सीटों में से 108 सीटें जीतने के बाद के पाँच दिनों में, श्री विजय ने सरकार बनाने के लिए कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), विदुथलाई चिरुथाइगल काची और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग का समर्थन हासिल कर लिया। शनिवार शाम को, राज्यपाल ने श्री विजय को मुख्यमंत्री नियुक्त किया और उन्हें 13 मई या उससे पहले विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने का निर्देश दिया।

## पांच दशकों बाद नए राजनीतिक अध्याय की शुरुआत

- सीएम विजय के नेतृत्व वाली कैबिनेट ने पाँच दशकों के बाद एक नए राजनीतिक अध्याय की शुरुआत की है, जिसे न तो अक्षअ्उड और न ही उ्उड द्वारा लिखा जाएगा। फरवरी 2024 में, श्री विजय ने औपचारिक रूप से अपनी पार्टी लॉन्च की थी; उनका तर्क था कि उनका 'विजय मक्कल अय्यकम' प्रशंसक क्लब अकेले सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सुधार नहीं ला सकता, और इसके लिए राजनीतिक सत्ता का होना अनिवार्य है। उस वर्ष 2 फरवरी को जारी एक बयान में, श्री विजय ने भ्रष्टाचार तथा जाति और धर्म पर आधारित विभाजनकारी प्रथाओं से ग्रस्त राजनीतिक संस्कृति का विरोध करने का संकल्प लिया था।

## *तालियों से गूंजा स्टेडियम*

*काले ब्लेजर और काली पैंट पहने, सीएम विजय अपने चिर-परिचित अंदाज में मुस्कुराते हुए मंच की ओर बढ़े, जहाँ उन्हें पद और गोपनीयता की पारंपरिक शपथ दिलाई जानी थी। जैसे ही उन्होंने ₹सी. जोसेफ विजय एनुम नान...₹ (मैं, सी. जोसेफ विजय...) कहना शुरू किया, भीड़ खुशी से झूम उठी; सीटियों की गूँज से पूरा स्टेडियम उत्साह और एक नए राजनीतिक युग के आगमन के एहसास से भर गया।*

# बेंगलुरु के बाहरी इलाके में पीएम मोदी के कार्यक्रम स्थल के पास विस्फोटक मिले, एक संदिग्ध हिरासत में

चंडीगढ़/यूटर्न/10 मई। रविवार को बेंगलुरु के बाहरी इलाके में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से पहले, एक कार्यक्रम स्थल के पास कम से कम दो जिलेटिन स्टिक बरामद की गईं। इससे सुरक्षा को लेकर हड़कंप मच गया और पुलिस ने गहन जांच शुरू कर दी। ये विस्फोटक कगालिपुरा के पास एक आश्रम के पास मिले, जो मुख्य कार्यक्रम स्थल से लगभग 3 किलोमीटर दूर है। प्रधानमंत्री को दिन में बाद में इसी मुख्य स्थल पर एक कार्यक्रम में शामिल होना था। पुलिस के एक बयान के अनुसार, पीएम नरेंद्र मोदी के आने से पहले की जा रही नियमित सुरक्षा जांच के दौरान ये संदिग्ध सामग्री मिली। सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत उस इलाके को घेर लिया। पुलिस ने इस घटना की विस्तृत जांच शुरू कर दी है और फिलहाल इस मामले के संबंध में एक संदिग्ध से गहन पूछताछ कर रही है।



## दौरे पर थे पीएम

यह घटना ऐसे समय में हुई जब प्रधानमंत्री बेंगलुरु के बाहरी इलाके में स्थित 'आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर' के दौरे पर थे और वहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इस दौरे के दौरान उन्होंने फाउंडेशन की स्थापना के 45 साल पूरे होने के जश्न में हिस्सा लिया और संस्थापक श्री श्री रविशंकर से जुड़े कार्यक्रमों में शामिल हुए।

**प्रधानमंत्री ने प्रयासों का किया आह्वान...** इस कार्यक्रम में, पीएम ने सेवा, आध्यात्मिकता और सामाजिक बदलाव को बढ़ावा देने के लिए 'आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन' की सराहना की। उन्होंने पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी, युवाओं के सशक्तिकरण और आंतरिक खुशहाली पर आधारित एक विकसित भारत के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बेंगलुरु अब सिर्फ एक टेक्नोलॉजी हब (तकनीकी केंद्र) तक ही सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसने भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना को भी मजबूत किया है। उन्होंने इस विशाल परिसर में बने एक नए ध्यान कक्ष का उद्घाटन भी किया।

## राष्ट्र निर्माण में समाज की भागीदारी के महत्व पर जोर दिया

पीएम मोदी ने राष्ट्र निर्माण में समाज की भागीदारी के महत्व पर जोर दिया और संगठन की जन-कल्याणकारी पहलों की सराहना की, जिनमें जनजातीय सशक्तिकरण कार्यक्रम और कैदियों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए किए जा रहे प्रयास शामिल हैं। अधिकारियों ने अभी तक यह खुलासा नहीं किया है कि बरामद की गई जिलेटिन स्टिक का संबंध इस क्षेत्र में चल रहे पत्थर खनन के काम से है, या फिर उन्हें जानबूझकर प्रधानमंत्री के आने वाले रास्ते या कार्यक्रम स्थल के पास रखा गया था। मामले में आगे की जांच जारी है।

# आप विधायक की गाड़ी रोकी, एएसआई सस्पेंड, बोले- उसने अपनी पावर दिखाई, मैंने अपनी

मोहाली/यूटर्न/10 मई। मोहाली में आप विधायक हरदीप सिंह डिंपी ढिल्लों को पुलिस नाके पर एएसआई ने रोक लिया। उनकी गाड़ी पर लगी ब्लिंकर लाइट को लेकर सवाल-जवाब किए। इस दौरान गाड़ी में विधायक अपने परिवार के साथ और चंडीगढ़ में डिनर करने जा रहे थे। विधायक ने एएसआई पर रौब झाड़ने का आरोप लगाया और इसकी शिकायत एसएसपी हरमंदीप सिंह हंस से की। मामला गुरुवार का था, इसके बाद शनिवार को एएसआई को सस्पेंड किया गया। शनिवार की रात को विधायक ने वीडियो जारी कर अपना पक्ष रखा है। उन्होंने कहा कि वह अपनी पत्नी और ड्राइवर के साथ खाना खाने जा रहे थे। फेज-8 पुलिस ने वहां नाका लगाया हुआ था। नाके पर एएसआई लखबीर सिंह तैनात था। गाड़ी पर लगी ब्लिंकर लाइट को लेकर एएसआई ने ड्राइवर से सवाल किया। ड्राइवर ने बताया कि गाड़ी में मौजूदा विधायक बैठे हैं और यह गाड़ी विधानसभा में रजिस्टर्ड है।



## दोनों ने अपनी पावर इस्तेमाल की

इसके बाद एएसआई ने आईडी कार्ड दिखाने को कहा। जब ड्राइवर मोबाइल में हमारा आईडी कार्ड दिखाने लगा तो एएसआई ने वहां मौजूद कॉन्स्टेबल से कहा कि इनका कार्ड चेक करो। अगर मौजूदा विधायक हैं, तो छोड़ देना, वरना चालान कर देना। विधायक ने कहा कि एएसआई के पास पुलिस की ताकत थी, जबकि उनके पास विधायक होने की ताकत थी। उसने अपनी पावर का इस्तेमाल किया और मैंने अपनी पावर का इस्तेमाल किया। इसमें क्या गलत है।

# 20 साल का करण बना कई जिंदगियों की उम्मीद, अंगदान कर दो परिवारों को दिया नया जीवन

चंडीगढ़। सड़क हादसे में ब्रेन डेड घोषित किए गए 20 वर्षीय करण ने मौत के बाद भी इंसानियत की ऐसी मिसाल पेश की, जिसने दो परिवारों की जिंदगी में फिर से उम्मीद जगा दी। पीजीआई में डॉक्टरों की टीम ने करण का लिवर, पैंक्रियाज और दोनों किडनी सफलतापूर्वक रिट्रीव किए, जिनसे गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को नया जीवन मिला। पीजीआई के अनुसार करण का लिवर 22 वर्षीय युवक को प्रत्यारोपित किया गया, जो एंड-स्टेज लिवर डिजीज से पीड़ित था। वहीं पैंक्रियाज और एक किडनी 35 वर्षीय महिला को ट्रांसप्लांट किए गए, जो लंबे समय से गंभीर अंग विफलता से जूझ रही थी। अंबाला शहर के रामदास नगर निवासी करण 12वीं कक्षा का छात्र था और पढ़-लिखकर परिवार का सहारा बनना चाहता था। 28 अप्रैल को सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद पहले उसे सिविल अस्पताल अंबाला ले जाया गया, फिर सेक्टर-32 स्थित जीएमसीएच और बाद में गंभीर हालत में पीजीआई रेफर किया गया। कई दिनों तक डॉक्टरों ने उसकी जान बचाने की कोशिश की, लेकिन 7 मई को उसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। इस कठिन घड़ी में करण के पिता मोहन लाल और बड़े भाई सुनील कुमार ने अंगदान का फैसला लेकर मानवता की अनूठी मिसाल पेश की। करण के भाई सुनील कुमार ने भावुक होकर कहा कि परिवार ने अपना सबसे बड़ा सहारा खो दिया, लेकिन यह संतोष रहेगा कि करण अब भी किसी न किसी रूप में लोगों के बीच जिंदा है। वहीं पिता मोहन लाल ने कहा कि उनका बेटा वापस नहीं आएगा, लेकिन अगर उसके अंगों से किसी और की जिंदगी बच सकी तो यही उनके लिए सबसे बड़ी तसल्ली है। रोटो नॉर्थ के नोडल अधिकारी डॉ. विजय टाडिया ने कहा कि गहरे दुख के बीच परिवार द्वारा लिया गया यह फैसला समाज के लिए प्रेरणादायक है। पीजीआई में अंतिम विदाई के दौरान डॉक्टरों और स्टाफ ने करण को श्रद्धांजलि देते हुए सैल्यूट किया।



# घर बेचकर रूस से मंगवाई बेटे की लाश, परिवार ने कर्ज लेकर जर्मनी भेजा था

पंजाब/यूटर्न/10 मई। पंजाबी युवक की रूसी सेना में भर्ती होने के बाद मौत हो गई। करीब 9 महीने बाद उनका शव घर पहुंचा। आज अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों के अनुसार, फरवरी 2025 में वर्क परमिट पर जर्मनी गए थे। इस दौरान परिवार ने कर्ज लेकर उन्हें विदेश भेजा था। हालांकि परिवार को यह जानकारी नहीं है कि वह जर्मनी से कैसे और किन परिस्थितियों में किसी एजेंट के माध्यम से रूसी सेना में भर्ती हो गए। परिवार की आखिरी बार सितंबर 2025 में वीडियो कॉल पर बात हुई थी। इसके बाद रूस से करीब तीन महीने पहले परिवार को कॉल आया और उब्अ सैंपल भेजने के लिए कहा



गया। परिवार का कहना है कि उस समय उन्हें मौत की जानकारी नहीं दी गई थी। बाद में जिला प्रशासन ने सूचना दी कि बेटे का शव दिल्ली पहुंच चुका है। DNA टेस्ट की फीस चुकाने के लिए परिवार को अपना घर तक बेचना पड़ा।

*2025 की शुरूआत में वर्क परमिट पर जर्मन गया था...मृतक की पहचान गुरसेवक सिंह के नाम से हुई, जो श्री हरगोबिंदपुर के गांव बोहजा का रहने वाला था। गुरबाज सिंह ने बताया कि उसका भाई गुरसेवक 2025 की शुरूआत में वर्क परमिट पर जर्मन गया था। लेकिन पता नहीं कैसे वह वहां से किसी एजेंट के माध्यम से रूस की फौज में भर्ती हो गया। गुरसेवक सिंह के साथ आखरी बार सितंबर में वीडियो कॉल पर बात हुई थी। गुरसेवक सिंह को रूसी फौज में यह कह कर भर्ती किया गया था कि उसे फौजी कैंप में तैनात किया जाएगा। लेकिन उसे पता नहीं था कि लड़ाई की आग में गुरसेवक को झोंक दिया जाएगा। लेकिन सितंबर 2025 के बाद से गुरसेवक से कोई संपर्क नहीं हो पाया।*

# मदर्स डे पर छलका सफाई कर्मियों का दर्द

## खुद को पंजाब का बेटा कहने वाले मुख्यमंत्री को क्या हमारी तकलीफें नहीं दिखतीं ? -मिशरो देवी

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/10/मई। आज जहां पूरा देश 'मदर्स डे' (Mothers Day) के जश्न में डूबा है और हर कोई अपनी मां के प्रति सम्मान व्यक्त कर रहा है, वहीं पंजाब की सड़कों पर अपनी मांगों के लिए संघर्ष कर रही सफाई सेवक माताएं सरकार की बेरुखी से आहत हैं। सफाई सेवक यूनियन पंजाब (शाखा जगरांव) की महिला अध्यक्ष मिशरो देवी ने मुख्यमंत्री भगवंत मान पर तीखा हमला बोलते हुए उनके ₹पंजाब का बेटा₹ होने के दावे पर सवाल खड़े किए हैं।



### प्रमुख मुद्दे और उठाई गई मांगें:

मिशरो देवी ने मुख्यमंत्री को उनके वादे याद दिलाते हुए निम्नलिखित मुख्य बिंदुओं पर सरकार को घेरा:

खोखले चुनावी वादे: मुख्यमंत्री बनने से पहले भगवंत मान रैलियों में बुजुर्ग महिलाओं को अपनी मां बताकर उनके दुख दूर करने की कसमें खाते थे, लेकिन सत्ता में आने के बाद वही 'माताएं' सड़कों पर धक्के खाने को मजबूर हैं।

पुरानी पेंशन की बहाली: मांग की गई कि पुरानी पेंशन योजना को तुरंत बहाल किया जाए ताकि सालों तक पंजाब की गलियां साफ करने वाली इन माताओं को बुढ़ापे में किसी के आगे हाथ न फैलाना पड़े।

**कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना:** 10 साल की पॉलिसी और ठेकेदारी प्रथा को खत्म कर आउटसोर्सिंग व कॉन्ट्रैक्ट पर काम कर रही महिलाओं को नियमित (Regular) करने की पुरजोर मांग की गई।

दुआएं कुर्सी पर बिठा सकती हैं, तो बद्दुआएं उतार भी सकती है मिशरो देवी ठे भावुक होते हुए चेतावनी भरे लहजे से कहा के ₹मां रब का रूप होती है। भगवंत मान जी, याद रखिएगा कि इन माताओं की दुआओं ने ही आपको मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचाया है। अगर मां का आशीर्वाद किसी को शिखर पर बिठा सकता है, तो दुखी मां के दिल से निकली बद्दुआ कुर्सी से उतारने की ताकत भी रखती है।

### नैतिक अधिकार पर सवाल

यूनियन अध्यक्ष ने साफ कहा कि यदि मुख्यमंत्री सफाई कर्मचारियों के हक में फैसला नहीं ले सकते, तो उन्हें खुद को ₹पंजाब का पूत ₹ कहलाने कोई अधिकार नहीं है। जगरांव में आयोजित इस धरने के दौरान सफाई सेवक महिलाओं ने पंजाब सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए रोज प्रदर्शन किया।

# एकेएम पैलेस के पीछे डेकोरेशन सामान में लगी भीषण आग, दो घंटे बाद पाया काबू

जीरकपुर/यूटर्न/10 मई। जीरकपुर-पटियाला रोड स्थित अकम पैलेस के पीछे रविवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब शादी समारोहों में इस्तेमाल होने वाले डेकोरेशन के सामान में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में ऊंची-ऊंची लपटें और धुएं का गुबार दूर तक दिखाई देने लगा। घटना के बाद आसपास के इलाके में दहशत फैल गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।



जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे पैलेस के पीछे खुले स्थान पर बड़ी मात्रा में डेकोरेशन का सामान रखा हुआ था। अचानक उसमें आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। डेकोरेशन सामग्री ज्वलनशील होने के कारण आग तेजी से फैलती चली गई।

घटना की सूचना मिलते ही फायर विभाग की टीम मौके पर पहुंची। फायर ऑफिसर राजीव कुमार अपनी टीम के साथ तुरंत राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। आग की गंभीरता को देखते हुए मोहाली और डेराबस्सी से भी अतिरिक्त फायर टेंडर बुलाए गए। दमकल विभाग की टीमों ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायर अधिकारियों के अनुसार यदि समय रहते आग को नियंत्रित नहीं किया जाता तो आग एकेएम पैलेस के मुख्य भवन तक पहुंच सकती थी, जिससे बड़ा हादसा होने की आशंका थी। हालांकि दमकल विभाग की तत्परता और कर्मचारियों की सूझबूझ के चलते समय रहते आग को फैलने से रोक लिया गया।

आग लगने की घटना के दौरान जीरकपुर-पटियाला रोड पर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# गोल्डन टेंपल में सौंदर्यीकरण प्रोजेक्ट शुरू, लंगर हॉल से बाबा अटल राय साहिब तक होगा रेनोवेशन, रास्ते पर लगाए जाएंगे पौधे



अमृतसर/यूटर्न/10 मई। अमृतसर में गोल्डन टेंपल के लंगर हॉल श्री गुरु रामदास जी से गुरुद्वारा बाबा अटल राय साहिब तक जाने वाले रास्ते के सौंदर्यीकरण और नवीनीकरण का कार्य शुरू हो गया है। यह परियोजना शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) द्वारा कार सेवा भूरी वालों के सहयोग से शुरू की गई है। एसजीपीसी प्रधान हरजिंदर सिंह धामी ने अरदास के बाद कार्य का शुभारंभ किया। धामी ने कहा कि श्री गुरु रामदास पातशाह जी की यह पवित्र धरती पूरी मानवता के लिए आस्था का केंद्र है। उन्होंने बताया कि यह परियोजना लंबे समय से विचाराधीन थी, जिसे अब एक मास्टर प्लान के तहत विकसित किया जा रहा है ताकि इसे और अधिक सुंदर बनाया जा सके।

### बेहतर ड्रेनेज सिस्टम किया जाएगा स्थापित

धामी ने आगे बताया कि इस रास्ते पर पेड़ लगाए जाएंगे, एक बेहतर ड्रेनेज सिस्टम स्थापित किया जाएगा और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे। उन्होंने संगतों से इस सेवा कार्य में तन, मन और धन से योगदान देने की अपील भी की।

### श्रद्धालुओं की मिलेगी हर सुविधा

कार सेवा भूरी वालों के प्रमुख बाबा कश्मीर सिंह ने बताया कि यह रास्ता गुरु रामदास लंगर हॉल से शुरू होकर तेजा सिंह समुंदरी हॉल, गुरु हरगोबिंद साहिब यात्री निवास, माता गंगा जी निवास और गुरु अर्जन देव यात्री निवास तक जाता है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते-जाते हैं। बाबा कश्मीर सिंह ने आश्वासन दिया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।

# सेक्टर 31 पुलिस ने ई - रिक्शा चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार; महिंद्रा पिकअप समेत सामान बरामद



अजीत झा,

चंडीगढ़/यूटर्न/10 मई। असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सेक्टर-31 थाना पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी में इस्तेमाल की गई महिंद्रा पिकअप, दो ई-रिक्शा और 10 बैटरियां बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान देसराज उर्फ देसू निवासी सुंदर नगर, मौली जागरां पार्ट-2 और रवि कुमार उर्फ पप्पू निवासी सुंदर नगर, मौली जागरां पार्ट-2 के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ ई-एफआईआर नंबर 0583 दिनांक 08 मई 2026 के तहत बीएनएस की धारा 303(2) और 317(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार यह मामला अर्जुन निवासी दीप कॉम्प्लेक्स, हल्लोमाजरा की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि 7 मई की रात रामदरबार फेज-2 स्थित मंडी ग्राउंड से उसका ई-रिक्शा चोरी हो गया था।

# स्वास्थ्य अधिकारी मेहरबान तो बिना डिग्री के डॉक्टर भी पहलवान

## हर चिकित्सा प्रणाली में हो रही है गैर कानूनी प्रैक्टिस

अशोक सहगल

लुधियाना, यूटर्न 10 मई। जिले में हर चिकित्सा प्रणाली के नाम पर गैरकानूनी प्रैक्टिस हो रही है और बिना डिग्री के डॉक्टरों का इन दिनों काफी बोल वाला है इनमें से कोई शर्तिया लाइलाज रोग का इलाज करने वाले भी शामिल है आयुर्वेद के नाम पर बिना डिग्री के डॉक्टर जोड़ों के दर्द से लेकर कैंसर तक का इलाज कर रहे हैं और जिले में माहवारी की तरह फैले हुए हैं मल्लापुर के निकट भी एक नीम हकीम काफी चर्चा में रहता है जो दवाइयां उसके द्वारा दी जाती हैं किसी पर ना तो नाम लिखा होता है और ना ही दवा का फामूर्ला परंतु यह है ब्लड प्रेशर शुगर हार्ट ब्लॉकेज कैंसर एड्स घुटनों का दर्द सर्वाइकल के मरीजों को गुमराह कर पैसे एठ रहे हैं आयुर्वेद विभाग के पास अगर कोई शिकायत आती है तो ऐसे नेम है कीमो द्वारा दी जा रही दवाइयां के सैंपल ऐसे भरे मन से लिए जाते हैं मानव कोई पाप कर्म कर लिया हो लोगों का कहना है कि सारा गोरख धंधा मिली भगत से ही चलता है स्वास्थ्य अधिकारियों की मेहरबानियां के चलते अब ऐसे नीम हकीम सप्ताह में एक-एक दिन कई शहरों में अपनी दुकान लगाते हैं।




## ना कोई दवा का नाम ना फॉमूर्ला करते हैं सार्वजनिक

ऐसे डॉक्टरों द्वारा लूट कर आए हुए लोगों का कहना है कि इनके द्वारा दी गई दवा के ऊपर दवा के नाम की जगह नंबर लिखा होता है और ना ही उसे पर कोई लेवल होता है जिस पर दवा के घटक सार्वजनिक किए गए हो या फामूर्ला लिखा हो जो गंभीर अपराध की श्रेणी में आते हैं जबकि हर दवा निमार्ता को अपनी दवा बनाने से पहले आयुर्वेद विभाग से अपना फामूर्ला पास करना होता है जिससे विभाग की सलाहकार कमेटी और आयुर्वेद विभाग के डायरेक्टर की सहमति आवश्यक होती है लोगों का कहना है कि आयुर्वेद विभाग की सलाहकार कमेटी सहित ऐसे आयुर्वेदिक अधिकारियों की भूमिका को गहन जांच की आवश्यकता है।

## ड्रग विभाग के सौजन्य से होती है एलोपैथी की प्रैक्टिस

पिछले कुछ वर्षों में जहां बिना डिग्री के डॉक्टरों की संख्या ड्रग विभाग की मुस्तादी के चलते कम होनी चाहिए थी परंतु यह पहले से बढ़ चुके हैं और यह महामारी को पालने का जिम्मा ड्रग विभाग का बताया जाता है फामेर्सी की डिग्री करने के बाद किसी ने लाइसेंस लेना हो तो ड्रग विभाग उसके इतने चक्कर लगवा देता है कि वह थक हार कर हथियार डाल देता है परंतु यहां बात दूसरी है शहर के हर कोने में बिना डिग्री के डॉक्टर किसी महामारी से कम नहीं किसी के पास पैरामेडिकल संगठन की मेंबरशिप का सर्टिफिकेट है किसी का कहना है कि वह तो बचपन से ही एलोपैथी की प्रैक्टिस कर रहा है प्लस टू करने के बाद वह फील्ड में आ गया था हेब्बोवाल, चुहडपुर रोड के आसपास, शहर के भीतरी इलाकों में आसपास के गांव में ऐसे कई बिना डिग्री के डॉक्टर अपनी प्रेक्टिस कर रहे हैं और ड्रग विभाग में सभी अधिकारियों को जानते हैं।

## *गरीब मरीजों की जान को खतरा*

*नीम हकीमो द्वारा लोगों का उपचार करने में सदैव लोगों की जान का खतरा बना रहता है अगर कोई बात बाहर नहीं आती तो आए दिन कई लोग इसे उपचार करा कर उल्टा अपना राग बढ़ा लेते हैं पर फिर उन्हें इलाज के लिए बड़े अस्पतालों की और जाना पड़ता है।*

## हर बीमारी का कर देते हैं इलाज

**ऐसे डॉक्टर दाद, खाज, खुजली से लेकर डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, जोड़ों का दर्द, सर्दी बुखार के अलावा पेट की हर तरह की बीमारियों का इलाज करते हैं और ऐसे केसों में हाथ डाल देते हैं जिनमें कोई छोटा-मोटा अस्पताल हाथ नहीं डालता नीम हकीमी के क्लिनिको पर डेथ रेट कितनी स्वास्थ्य विभाग के पास नहीं है ऐसा कोई रिकॉर्ड**

**इनके क्लिनिको पर मरीजों की डेथ रेट कितनी है स्वास्थ्य विभाग ने कभी नोटिस नहीं किया और ना ही कभी सर्वे कराया है अधिकारियों के अलावा उच्च अधिकारियों को भी ऐसे क्लिनिको की खबर है कई इलाकों में तो मरीज को इन क्लिनिको में ही दाखिल कर लिया जाता है। एक व्यक्ति ने बताया कि ड्रग विभाग के अधिकारी उसके संपर्क में है मे कोई मुश्किल होने पर उन्हें फोन कर लेता है।**

## नीम हकीम पकड़ना तो दूर दवाइयां के सैंपल फेल होने पर नहीं करते जांच

एक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि ड्रग विभाग अलग कर देने के बाद अधिकारियों की हालत पहले से खराब हो गई है नीम हकीमो को पकड़ना तो दूर यह तो नियमित तौर पर दवाइयो की रेगुलर जांच भी नहीं करते बावजूद इसके की हिमाचल में 48 दवाइयो के सैंपल फेल हो चुके हैं और आशंका व्यक्त की जाती है कि वह दवाइयां लुधियाना में बड़े आराम से बिक जाती है क्योंकि स्थानीय डर की विभाग कोई कार्रवाई नहीं करता हिमाचल के ड्रग विभाग में जहां अलर्ट जारी किया है वहां स्थानीय अधिकारी अभी एयर कंडीशन रूम से बाहर नहीं निकल पाए हैं।

## क्लीनिक पर बेचते हैं हर तरह की दवाइयां

ड्रग विभाग की पीठ थपथपाए बिना डिग्री के डॉक्टर अपने क्लीनिक में हर तरह की दवाई रखते हैं जिनमें एलोपैथी, होम्योपैथी, आयुर्वेदिक दवाइयां भी शामिल है अब इन्हें कोई भी पकड़ सकता है चाहे वह एलोपैथी विभाग का हो आयुर्वेदिक विभाग का हो या होम्योपैथिक विभाग का हो परंतु सबसे अधिक भागीदारी एलोपैथी दवाइयो का काम देखने वालों की है। जो सबसे कम ऐसे मामलों की ओर ध्यान देते हैं लोगों में यह चर्चा आम पाई जाती है कि बिना ड्रग विभाग के ऐसे डॉक्टर जिनकी शहर में संख्या सैकड़ो में हो काम नहीं कर सकते जब तक की ड्रग विभाग के अधिकारियों की भागीदारी न हो। इस सिलसिले में जोनल लाइसेंसिंग अथॉरिटी की टिप्पणी जानने के लिए संपर्क नहीं हो पाया

# सेक्टर-39 थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, वाहन चोरी के आरोपी को दबोचा; चोरी की एक्टिवा बरामद

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/10 मई। चंडीगढ़ पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सेक्टर-39 थाना पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने चोरी की एक्टिवा समेत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान करण पुत्र विनोद निवासी गांव झांपुर, जिला मोहाली (पंजाब) उम्र 20 वर्ष के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ ई-एफआईआर नंबर 575 दिनांक 07 मई 2026 के तहत बीएनएस




की धारा 303(2) व 317(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार यह मामला धनास स्थित मिल्क कॉलोनी निवासी विजय पुत्र बाबू राम की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता की एक्टिवा नंबर CH-01-BN-1109 चोरी हो गई थी। 08 मई को गश्त के दौरान एसआई करण सिंह और उनकी टीम ने सेक्टर-38 वेस्ट स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के पास एक युवक को संदिग्ध हालत में एक्टिवा चलाते हुए पकड़ा। जांच में पता चला कि उक्त एक्टिवा चोरी की है और इस संबंध में सेक्टर-39 थाने में ई-एफआईआर दर्ज थी। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी करण को गिरफ्तार कर चोरी की एक्टिवा अपने कब्जे में ले ली। पुलिस जांच में आरोपी का कोई पुराना आपराधिक रिकॉर्ड सामने नहीं आया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। चंडीगढ़ पुलिस ने कहा कि शहर में वाहन चोरों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# श्री खुरालगढ़ साहिब माथा टेककर वापस आ रही बस खड्ड में गिरी, जानमाल के नुकसान से हुआ बचाव

## एक महिला, छोटी बच्ची और दो व्यक्ति बाल-बाल बचे



दलजीत अजनोहा

हुशियारपुर/यूटर्न/10 मई। श्री चरणछोह गंगा श्री खुरालगढ़ साहिब में माथा टेककर वापस आ रही बस चढ़ाई चढ़ते समय ब्रेक फेल होने के कारण गहरी खड्ड में जा गिरी। आज सुबह पिंड दौलतपुर फगवाड़ा से एक बस नंबर ढइ 08 इऊ0181 इतिहासिक स्थान श्री चरणछोह गंगा और श्री गुरु रविदास इतिहासिक धर्म स्थान बेगमपुरा श्री खुरालगढ़ साहिब के दर्शन के लिए आई थी, जिसमें 55 के करीब सवारियां सवार थीं। माथा टेककर वापस जाते समय श्री बेगमपुरा चौक से खुराली गांव की ओर चढ़ाई चढ़ते समय गाड़ी का ब्रेक फेल हो गया, जिस कारण बस पीछे की ओर आकर गहरी खड्ड की ओर घूम गई और पिछले टायरों से गहरी खड्ड में गिर पड़ी। बस में 3-4 सवारियों को छोड़कर बाकी बस खाली कर सवारियों को नीचे उतार लिया गया, जिससे भारी जानमाल के नुकसान से बचाव हो गया। एक महिला, एक चार साल की बच्ची और ड्राइवर समेत तीन अन्य व्यक्ति बस में सवार थे। एक व्यक्ति को मामूली चोटें लगीं और मौके पर मौजूद लोगों द्वारा उन्हें बस से सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस मौके संगत के साथ आए सुखदेव राज ने बताया कि पिंड दौलतपुर फगवाड़ा से संगत श्री खुरालगढ़ साहिब माथा टेककर वापस जा रही थी, तभी बेगमपुरा चौक से चढ़ाई चढ़ते समय यह हादसा हो गया। इस मौके पर मौजूद संत सत्विंदर हीरा, राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इंडिया आदि धर्म मिशन (रजि.) भारत ने संगतों का हाल जाना और कहा कि यह रास्ता खतरनाक है, यहां पहले कई एक्सीडेंट हो चुके हैं और अनेक कीमती जानें जा चुकी हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस खतरनाक सड़क को बड़ी गाड़ियों के लिए बंद किया जाए और ट्रैफिक पुलिस की निगरानी के लिए स्थायी ड्यूटी लगाई जाए ताकि दुर्घटनाओं से बचाव हो सके।

## पंजाब सीएम के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी हो, बठिंडा में हरसिमरत कौर बादल ने कहा-भगवंत मान कभी भी भाग सकते हैं



पंजाब/यूटर्न/10 मई। बठिंडा से सांसद हरसिमरत कौर बादल ने रविवार को मौड़ मंडी में महिलाओं के साथ एक विशेष बैठक की। इस दौरान मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी की सरकार पर अब तक के सबसे गंभीर आरोप लगाए। हरसिमरत कौर ने दावा किया कि मुख्यमंत्री के खिलाफ तुरंत 'रेड कॉर्नर नोटिस' जारी होना चाहिए, क्योंकि उनके देश छोड़कर भागने की प्रबल संभावना है। सांसद बादल ने मुख्यमंत्री पर भ्रष्टाचार के सीधे आरोप लगाते हुए कहा कि भगवंत मान ने ऑस्ट्रेलिया में 2400 एकड़ जमीन खरीदी है।

# आप के वार्ड प्रधान अशोक बांसल एक दर्जन साथियों सहित अकाली दल में शामिल

## अकाली सरकार के 10 साल के कार्यकाल को देखकर लोग पार्टी में हो रहे शामिल : इकबाल सिंह बबली ढिल्लों

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/10 मई। आम आदमी पार्टी को शहर में उस समय बड़ा झटका लगा, जब आप के वार्ड प्रधान अशोक बांसल अपने करीब एक दर्जन साथियों सहित शिरोमणि अकाली दल में शामिल हो गए। शिरोमणि अकाली दल हलका बठिंडा शहरी के इंचार्ज इकबाल सिंह बबली ढिल्लों की अगुवाई में अशोक बांसल और उनके साथियों ने गांव बादल में सांसद बीबा हरसिमरत कौर बादल की मौजूदगी में अकाली दल का दामन थामा।



सांसद बीबा हरसिमरत कौर बादल ने सभी नए शामिल हुए नेताओं और कार्यकर्ताओं को सिरोपा पहनाकर पार्टी में शामिल किया और उन्हें पार्टी में पूरा मान-सम्मान देने का भरोसा दिया। इस मौके पर हलका इंचार्ज इकबाल सिंह बबली ढिल्लों ने कहा कि विभिन्न पार्टियों को छोड़कर लोगों का शिरोमणि अकाली दल में शामिल होने का सिलसिला लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर लोगों में भारी उत्साह है और पंजाब के लोगों को पूरा विश्वास है कि सरदार सुखबीर सिंह बादल की अगुवाई में अकाली दल की सरकार बनेगी। उन्होंने दावा किया कि अकाली दल की 10 वर्षों की सरकार के दौरान पंजाब में हुए विकास कार्यों और हर वर्ग की भलाई के लिए किए गए कामों की बराबरी न तो कांग्रेस सरकार कर सकी और न ही आम आदमी पार्टी की सरकार कर पाई है।

अशोक बांसल के साथ अकाली दल में शामिल होने वालों में प्रवीण गुप्ता, दविंदर गोयल, राजू पांडे, जसप्रीत सिंह, वकील रघुवीर सिंह, ओम प्रकाश, राजा, निर्मल सिंह, बहादुर सिंह, गुरप्रीत सिंह, सुखदेव सिंह, कमल, डॉक्टर बाबू लाल, जसविंदर सिंह, हरजीत सिंह बागी, सतवीर सिंह, हैप्पी पांडे, मलकीत सिंह और रविंदर माथुर आदि भी शामिल हैं।

जिला प्रेस सचिव ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि इस मौके पर जिला शहरी प्रधान सुशील कुमार गोल्डी, शहरी प्रधान गुरसेवक सिंह मान, इंद्रजीत सिंह बराड़, रोशन ग्याना, सुनील कुमार फौजी आदि भी मौजूद थे।

# शिरोमणि अकाली दल के शासनकाल में हुआ विकास आज भी लोगों को याद है/लाली बाजवा, तलवाड़



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/10 मई। शिरोमणि अकाली दल की सरकार के दौरान हुए विकास कार्यों और जनसुविधाओं की मिसाल आज भी दी जाती है, जिसकी बराबरी कोई अन्य सरकार नहीं कर सकी। यह विचार शिरोमणि अकाली दल के जिला प्रधान (शहरी) लाली बाजवा ने वार्ड नंबर 29 में श्रीमती प्रीतपाल कौर लांबा को वार्ड की महिला प्रधान नियुक्त किए जाने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। इस मौके पर हलका इंचार्ज संजीव तलवाड़ ने संबोधित करते हुए कहा कि वार्ड नंबर 29 की प्रमुख '40 फुटी सड़क' का निर्माण शिरोमणि अकाली दल के शासनकाल के दौरान ही हुआ था। उन्होंने बताया कि उस समय इस सड़क पर 73 लाख रुपये खर्च किए गए थे और यह विकास कार्य अकाली दल के पार्षद संतोष सिंह औजला की देखरेख में पूरा किया गया था। तलवाड़ ने वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उसके बाद इलाके की सड़कों की जो खराब हालत हुई है, वह सभी के सामने है। पूर्व डिप्टी मेयर प्रेम सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि पिछड़ चुके वार्डों को दोबारा विकास की राह पर लाया जाए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे शिरोमणि अकाली दल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलें, ताकि इलाके का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर महिला नेता नीति तलवाड़, बिक्रमजीत सिंह कलसी और संजीव थापर ने भी अपने विचार साझा किए तथा पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# जगरांव लोक अदालतः न्याय की ओर बढ़ते कदम, 803 मामलों का मौके पर निपटारा

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/10/मई। स्थानीय दीवानी कचहरी में राष्ट्रीय कानूनी सेवाएं अथॉरिटी के दिशा-निर्देशों के तहत लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अदालत में पारिवारिक झगड़ों, बैंक रिकवरी और दीवानी मामलों को आपसी सहमति से सुलझाने पर जोर दिया गया।



### न्यायिक अधिकारियों की सक्रिय भूमिका

लोक अदालत के सफल आयोजन में जगरांव के वरिष्ठ और कनिष्ठ जजों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन लोक अदालतों की अध्यक्षता मुख्य रूप से निम्नलिखित जजों द्वारा की गई: माननीय सुमुखी एडिशनल सिविल जज (सीनियर डिवीजन), माननीय रिफी भट्टी सिविल जज (जूनियर डिवीजन), माननीय गुलफाम सिविल जज (जूनियर डिवीजन), जगरांव।

**प्री-लिटिगेटिव केस:** 100% निपटारा

अदालत की सबसे बड़ी उपलब्धि 'प्री-लिटिगेटिव' (अदालत में पहुंचने से पहले के मामले) श्रेणी में रही। निपटाए गए मामले: 737, रिकवरी राशि: ₹2,81,437/- प्री-लिटिगेटिव श्रेणी में 100% निपटारा दर्ज किया गया, जो नागरिकों के बीच आपसी समझ और कानूनी जागरूकता का प्रमाण है।

लंबित मामलों (Pending Cases) का विवरण: अदालतों में पहले से चल रहे मामलों को भी प्राथमिकता दी गई।

कुल लंबित मामले उठाए गए: 183, मौके पर सुलझाए गए मामले: 66, अवार्ड राशि (सेटलमेंट): ₹1,76,50,329/- (एक करोड़ छिहत्तर लाख पचास हजार तीन सौ उन्तीस रुपये)

लोक अदालत का संदेश: इस अवसर पर न्यायाधीशों ने बताया कि लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लोगों के समय और पैसे की बचत करना है। यहाँ होने वाले फैसले की कोई अपील नहीं होती, जिससे कानूनी विवाद हमेशा के लिए समाप्त हो जाता है और आपसी भाईचारा बना रहता है।

# किआरा का बोल्ड बीच लुक वायरल, ग्लैमर और फिटनेस ने बढ़ाया इंटरनेट का तापमान




सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस का ये बोल्ड बीच लुक तहलका मचा रहा है, जहां उनका कर्वी फिगर और कॉन्फिडेंस फैंस को दीवाना बना रहा है। डेनिम शॉर्ट्स और बैकलेस टॉप में उनका ग्लैमरस अंदाज इंटरनेट का तापमान बढ़ा रहा है। हर पोज में झलकती उनकी फिटनेस और स्टाइल ने फैंस को 'हॉटनेस ओवरलोड' कहने पर मजबूर कर दिया है। कमेंट सेक्शन में लोग उनकी खूबसूरती और टोंड बॉडी की जमकर तारीफ कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह फोटो उनके वेकेशन के दौरान क्लिक की गई है, जो अब वायरल हो चुकी है।

# मनीमाजरा में झपटमारी का आरोपी गिरफ्तार, नाबालिग से छीनी गई पोस्ट ऑफिस पासबुक बरामद

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/10 मई। मनीमाजरा थाना पुलिस ने झपटमारी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से छीनी गई पोस्ट ऑफिस की पासबुक भी बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार यह मामला एफआईआर नंबर 51 दिनांक 09 मई 2026 के तहत




बीएनएस की धारा 304 और 317(2) के अंतर्गत दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता जॉयदेव मन्ना निवासी मनीमाजरा ने पुलिस को बताया कि 8 मई की दोपहर करीब 3:50 बजे उन्होंने अपने 15 वर्षीय बेटे पंकज मन्ना को 2500 रुपये नकद और पोस्ट ऑफिस पासबुक जमा करवाने के लिए मनीमाजरा स्थित एमएचसी पोस्ट ऑफिस भेजा था। पोस्ट ऑफिस में दोपहर 2 बजे के बाद पैसे जमा न होने के कारण पंकज वापस घर लौट रहा था।

# चुनावी स्टंट या जनसेवा? हड़ताल के बीच वार्ड-15 में 'शक्ति प्रदर्शन', भाजपा दावेदार ने खुद उठवाया कूड़ा

## जिस डंप को 'कलंक' बताकर धरना दिया, वोट की खातिर उसी को फिर किया 'कलंकित'; सफाई कर्मियों ने उठाए सवाल

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/10/मई। नगर परिषद चुनावों की आहट मिलते ही संभावित उम्मीदवारों ने वोटरों को लुभाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाना शुरू कर दिया है। वार्ड नंबर 15 से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे अनिल कुमार चोपड़ा उर्फ शंटी रविवार को 'एक्शन मोड' में नजर आए। पिछले 6 मई से सफाई सेवकों की राज्य स्तरीय हड़ताल के कारण शहर में लगे कूड़े के ढेरों को शंटी ने निजी स्तर पर सफाई कर्मचारी हायर करके उठवाया। हालांकि, यह नेक काम उस समय विवादों में घिर गया जब यह साफ हुआ कि वार्ड का कूड़ा उठाकर उसी पुराने डंप पर फेंका गया है, जिसे कभी शंटी खुद 'शहर का कलंक' बता चुके हैं।





### डबल गेम: धरने में साथ, अब डंप पर ही फेंका कूड़ा

गौरतलब है कि पिछले दिनों अगवाड़ ख्वाजा बाजू के निवासियों ने सरपंच बलजिंदर सिंह की अगुवाई में डंप के खिलाफ 25 दिन तक दिन-रात धरना दिया था। उस समय अनिल चोपड़ा शंटी ने भी इस धरने में शामिल होकर डंप को हटाने की पुरजोर मांग की थी। लेकिन आज जब वार्ड में राजनीति चमकाने की बारी आई, तो उन्होंने उसी डंप पर कूड़ा फिंकवा दिया। जब इस बारे में उनसे पूछा गया, तो पहले उन्होंने अनभिज्ञता जताई, फिर दबी आवाज में स्वीकार किया कि शहर में डंप के अलावा और जगह ही कहां है।

**सतीश कुमार पप्पू (पूर्व परिषद प्रधान, भाजपा नेता):** ***मैं पहले भी डंप के खिलाफ था और अब भी हूं। इस समस्या के समाधान के लिए सोमवार को हम एसडीएम मैडम से मुलाकात करेंगे।***

**जब अपने फार्म हाउस पर कूड़ा गिरा तो मचाया था बवाल...**पुरानी यादें : एक समय ऐसा भी था जब नगर परिषद ने कूड़े की ट्रॉली अलीगढ़ रोड स्थित अनिल चोपड़ा और उनके साथियों के फार्म हाउस पर गिरा दी थी। तब इन भाजपा नेताओं ने सोशल मीडिया और न्यूज चैनलों पर जमकर हंगामा किया था और नगर परिषद की कड़ी निंदा की थी। आज खुद के वार्ड का कूड़ा दूसरों के इलाके (डिस्पोजल रोड) में फेंकने पर उनकी चुप्पी पर सवाल उठ रहे हैं।

**किसने क्या कहा : आमने-सामने...**सफाई सेवक यूनियन (जिला प्रधान अरुण गिल) : चुनाव लड़ने के चाहवान सिर्फ नंबर बनाने के चक्कर में हैं। कूड़ा उठाने से वोट नहीं मिलेंगे। उन्हें चाहिए कि वे सफाई सेवकों के संघर्ष का समर्थन करें ताकि सरकार हमारी मांगें माने और शहर की व्यवस्था स्थाई रूप से ठीक हो सके।

**रवि गिल (प्रधान, दूसरा धड़ा) :** हम जनहित के लिए प्रतिबद्ध हैं। रविवार को निजी कर्मियों की मदद से वार्ड 15 का कूड़ा उठवाकर डिस्पोजल रोड डंप पर फिंकवाया गया है।

**साख बचाने की लड़ाई...**चुनाव से पहले जनता के बीच मसीहा बनने की होड़ में नेता अक्सर अपने पुराने स्टैंड भूल जाते हैं। वार्ड-15 में सफाई अभियान चलाना अच्छी पहल हो सकती है, लेकिन एक डंप को हटाने के लिए संघर्ष करना और फिर उसी को भरने में योगदान देना, नेताओं के दोहरे चरित्र को उजागर करता है। अब देखना यह होगा कि जनता इस 'चुनावी सफाई' को सेवा मानती है या महज एक राजनीतिक पैंतरा।

**बलजिंदर सिंह (सरपंच, अगवाड़ ख्वाजा बाजू) :** हम इस डंप से बेहद दुखी हैं। 4 मई को एसडीएम को मांग पत्र दिया है। अगर जल्द समाधान न हुआ, तो हम पहले से भी बड़ा और तीखा संघर्ष शुरू करेंगे।


श्रद्धांजलि



हमारे आदरणीय

श्री मेहताब सिंह खुराना

के निधन पर हम गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं व परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

उनके निमित्त अंतिम अरदास 11 मई, 2026 सोमवार को दोपहर 1 से 2.30 बजे तक गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, मॉडल टाऊन एक्सटेंशन, लुधियाना में होगी।

श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता

KULDIP RAI JAIN

KULDIP OSWAL FASHIONERS

Chawal Bazar Ludhiana



श्रद्धांजलि



हमारे आदरणीय

श्री मेहताब सिंह खुराना

के निधन पर हम गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं व परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

उनके निमित्त अंतिम अरदास 11 मई, 2026 सोमवार को दोपहर 1 से 2.30 बजे तक गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, मॉडल टाऊन एक्सटेंशन, लुधियाना में होगी।

श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता

SURESH KUMAR DHIR (Director)

ROAMER WOOLLEN MILLS PVT. LTD.

Focal Point, Ludhiana.

SURESH KUMAR DHIR (Proprietor)

SEWA RAM MANOHARL LAL

Dal Bazar, Ludhiana.

Suresh Dhir ( Raja) President & All the Members of

DAL BAZAR MERCHANT'S ASSOCIATION (REGD.), LUDHIANA


Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार। Contact - +91 9814295372